भारत सरकार
मानव संसाधन विकास मंत्रालय
उच्चतर शिक्षा विभाग

लोक सभा
अतारांकित प्रश्न संख्या 4739
उत्तर देने की तारीख 23.03.2020

असम विश्वविद्यालय में केंद्रीय मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल

†4739. डॉ॰ राजदीप रायः

क्या मानव संसाधन विकास मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) क्या विश्वविद्यालय द्वारा डीपीआर प्रस्तुत किए जाने के बाद भी असम विश्वविद्यालय, सिल्चर में केंद्रीय मेडिकल कॉलेज तथा अस्पताल की स्थापना नहीं किए जाने के क्या कारण हैं; और

(ख) पत्र सं॰ एफ.24-11/2008 (सीयू) दिनांक 15.01.2010 के द्वारा इसके चयन की सूचना दिए जाने के बाद सरकार द्वारा असम विश्वविद्यालय में केंद्रीय मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल की स्थापना किए जाने के लिए क्या कदम उठाए जा रहे हैं?

उत्तर
मानव संसाधन विकास मंत्री
(श्री रमेश पोखरियाल 'निशंक')

(क) और (ख)**:** सरकार द्वारा 11वीं योजना के दौरान असम विश्वविद्यालय, सिल्चर सहित केंद्रीय विश्वविद्यालयों में केंद्रीय चिकित्सा कॉलेज और अस्पताल की स्थापना के लिए प्रस्ताव अनुमोदित नहीं किया गया था।

****